www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष :08 | अंक :306 | मुंबई, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

मौसम
अधिकतम तापमान 35.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 95.770g
चांदी 78.800 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 न भूलें और न ही माफ करें, मानवता को कलंकित करने वाली बर्बर घटना
पाकिस्तानी मंत्री बोले - भारत 130 परमाणु मिसाइलों के निशाने पर 04

# देश का खून खौल रहा, पीड़ितों को न्याय मिलेगा :पीएम मोदी

## मन की बात में पहलगाम आतंकी हमले पर बोले पीएम मोदी

**पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 121वें एपिसोड में कहा कि आतंकी और उनके आकाओं का मकसद कश्मीर को फिर से अशांत करना है, जिसके लिए वे बड़ी साजिशें रचते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा।पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी हमले के कारण उनका मन बहुत दुखी है और हर भारतीय गुस्से से उबल रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। पीएम मोदी ने कहा कि यह घटना ऐसे समय में आतंकवादियों और उनके आकाओं की हताशा एवं कायरता को दर्शाती है जब कश्मीर में शांति लौट रही है, पर्यटन में रिकॉर्ड उछाल आ रहा है, लोकतंत्र मजबूत हो रहा है और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश और कश्मीर के दुश्मनों को यह पसंद नहीं है तथा वे चाहते हैं कि घाटी फिर से तबाह हो जाए। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मोदी ने कहा कि दुनिया देख रही है कि भारत इस हमले के खिलाफ एक सुर में बोल रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एकता आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का सबसे बड़ा आधार है।



"पीएम मोदी ने कहा कि आतंकी और उनके आकाओं का मकसद कश्मीर को फिर से अशांत करना है, जिसके लिए वे बड़ी साजिशें रचते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।

देश के लोगों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए पीएम ने कहा, 'हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपना संकल्प और मजबूत करना होगा। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।'

# अरब सागर में भारतीय नौसेना का शक्ति प्रदर्शन

## एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग का सफल परीक्षण

भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोतों से ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सरफेस क्रूज मिसाइलों को लॉन्च किया है, जिसमें कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक और नीलगिरि और क्रिवाक श्रेणी के फ्रिगेट शामिल थे। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्र में सटीक आक्रामक हमलों के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और चालक दल को फिर से मान्य करना था।

एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। नौसेना ने हाल ही में एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जिसमें लंबी दूरी की सटीक स्ट्राइक क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया है।भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोतों से ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सरफेस क्रूज मिसाइलों को लॉन्च किया है, जिसमें कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक और नीलगिरि और क्रिवाक श्रेणी के फ्रिगेट शामिल थे। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्र में सटीक आक्रामक हमलों के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और चालक दल को फिर से मान्य करना था।इस अभ्यास के माध्यम से, भारतीय नौसेना ने अपनी परिचालन क्षमता और सैन्य तैयारियों का प्रदर्शन किया है, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।नौसेना ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय नौसेना के जहाजों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और चालक दल की तत्परता को फिर से मान्य करने और प्रदर्शित करने के लिए कई एंटी-शिप फायरिंग को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार है।



### पाकिस्तान की मांग- पहलगाम हमले की जांच में रूस-चीन रहें

पाकिस्तान की मांग है कि पहलगाम हमले की जांच में चीन और रूस को भी शामिल किया जाए। पीटीआई के मुताबिक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रूसी मीडिया रिया नोवोस्ती को दिए इंटरव्यू में ये बात कही।इस बीच, पूर्व आर्मी चीफ वीके सिंह ने कहा कि पहलगाम मामले पर सरकार एक्शन ले रही है। धैर्य बनाए रखें। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि कोई भी खुफिया सिस्टम फुलप्रूफ नहीं होता। इजराइली एजेंसियों को भी हमास के अटैक का पता नहीं चला था।

संक्षिप्त समाचार

### बलरामपुर में हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक पुजारी की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया और फरार एक आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को खलवा मोहल्ला निवासी पुजारी शत्रुघ्न द्विवेदी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी और शव को दीपवा बाग के पास फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित की गयी थीं। पुलिस टीम ने रविवार को दो आरोपी राघवेंद्र तिवारी तथा उसके सहयोगी मोहित वर्मा को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयोग अवैध तमंचा तथा मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्या में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी राघवेंद्र तिवारी की बहन विवेक द्विवेदी के साथ कहीं चली गयी थी जिससे वह आक्रोशित था और उसने विवेक के चचेरे भाई शत्रुघ्न द्विवेदी की गोली मार कर हत्या कर दी।

### घाटी में हाई सिक्योरिटी अलर्ट के बीच कुपवाड़ा में सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मार हत्या, जांच में जुटी पुलिस

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कानी खास इलाके में शनिवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने 45 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम रसूल मागरे को उनके घर के अंदर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि हमले में मागरे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हंदवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां शुरूआती उपचार के बाद उन्हें श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मागरे को पेट और कलाई में गोली लगी है और हत्या की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, मागरे को निशाना बनाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में हाई सिक्योरिटी अलर्ट है। इस हमले में मंगलवार को 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारा गया था। पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी में आतंकियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और कथित आतंकी समर्थकों के घरों पर छापेमारी की गई है। पिछले चार दिनों में पुलिस ने घाटी भर से 2,000 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

# राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद पर हमला

## अलीगढ़ में काफिले पर राजपूत युवकों ने टायर-पत्थर फेंके; 5 गाड़ियां टकराईं




एजेंसी

अलीगढ़/बुलंदशहर, राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर रविवार को हमला हो गया। रामजीलाल सुमन 20 गाड़ियों के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जा रहे थे। अलीगढ़ के खेरेश्वर चौराहे पर क्षत्रिय समाज के कुछ युवा सड़क पर उतर आए। सांसद के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।इस पर काफिले की गाड़ियां तेजी से भागने लगीं। इससे करीब 500 मीटर आगे जाकर काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस पूरी घटना में 6-7 लोग चोटिल हो गए।यहां से सांसद का काफिला फिर आगे बढ़ा। तभी गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए। काफिले पर टायर और पत्थर फेंकने लगे। हमले के बाद समर्थकों और पुलिसकर्मियों ने रामजीलाल को सुरक्षा घेरे में ले लिया। सपा सांसद बुलंदशहर में एक दलित परिवार से मिलने जा रहे थे।करणी सेना ने पहले ही चेतावनी दी थी।

अधिकारियों ने बताया कि सपा के राज्यसभा सदस्य का काफिला आगरा से बुलंदशहर के सुनहेरा गांव जा रहा था तभी गभाना टोल बूथ पर कुछ प्रदर्शनकारियों ने काफिले पर टायर फेंके जिससे टोल प्लाजा पर धीमी गति से चल रहे कई वाहन आपस में टकरा गये और बड़ी संख्या में मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित किया।

### सांसद बोले- मेरी हत्या की साजिश की जा रही

हमले के बाद आगरा पहुंचे रामजीलाल सुमन ने कहा- ये सब साजिश के तहत हो रहा है। एक वर्ग के लोग मेरी हत्या की साजिश रच रहे हैं। प्रशासन लगातार उनके इस रवैए की अनदेखी कर रहा है। ये सब सोची-समझी रणनीति के तहत हो रहा है।इससे पहले उन्होंने बुलंदशहर में एंट्री नहीं करने देने पर भी आक्रोश जताया। कहा- हमारे काफिले पर पथराव हुआ। उस समय पुलिस की आंखें पता नहीं कहां लगी थीं? यूपी में कुछ वर्ग के लोगों पर सरकार मेहरबान है। दलित अत्याचार से परेशान हैं।बुलंदशहर के सुनेहरा में दलितों को कुचलने जैसे मामले सभी के सामने हैं। प्रशासन कहता है कि इन मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। लेकिन हम इन कार्रवाई को सख्त नहीं मानते, क्योंकि पुलिसिया एक्शन के बाद भी लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं।


# खुफिया विफलता का नतीजा पहलगाम हमला : अखिलेश यादव

## खुफिया विफलता का नतीजा, पहलगाम हमले को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, 'यह (पहलगाम हमला) सरकार की विफलता है। यह खुफिया विफलता का नतीजा है। वहां उचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी और सेना वहां नहीं पहुंच सकी। अब लोग पहलगाम के साथ पुलवामा की भी बात कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हुई सर्वदलीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा, पार्टी ने बैठक में जो कहना था, कह दिया है।'

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकी हमले को भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की विफलता करार दिया। उन्होंने भाजपा पर महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के बजाय दुष्प्रचार को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने आतंकी हमले के प्रत्येक पीड़ित के परिवार को 10 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी देने की मांग की।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, 'यह (पहलगाम हमला) सरकार की विफलता है। यह खुफिया विफलता का नतीजा है। वहां उचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी और सेना वहां नहीं पहुंच सकी। अब लोग पहलगाम के साथ पुलवामा की भी बात कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हुई सर्वदलीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा, पार्टी ने बैठक में जो कहना था, कह दिया है। मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। आप मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) से पूछ सकते हैं कि वे इस मामले पर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।'सपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा, 'हमारे मुद्दे आज भी बेरोजगारी के हैं- नौकरियां घट रही हैं



### एनआईए ने शुरू की पहलगाम आतंकी हमले की जांच, आतंकियों के आने-जाने के बारे में सुराग जुटाने में जुटी एजेंसी

एजेंसी

नई दिल्ली। एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस से जांच का जिम्मा लिया और चश्मदीदों से पूछताछ शुरू की। जांच एजेंसी पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के आने-जाने के बारे में सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है। एनआईए की टीम में एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक शामिल हैं।

# दो दिन में 272 पाकिस्तानियों ने छोड़ा भारत

## समयसीमा समाप्त होने के कारण और लोग निकलेंगे बाहर

पंजाब में स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से अब तक 13 राजनयिकों और अधिकारियों सहित 629 भारतीय पाकिस्तान से वापस आ चुके हैं.

एजेंसी

नई दिल्लीः पिछले दो दिनों में अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से लगभग 272 पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़ चुके हैं और रविवार को कुछ सौ और लोगों के देश से बाहर निकलने की उम्मीद है. इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि पड़ोसी देश के इन 12 कैटेगरी के लॉन्ग टर्म वीजा होल्डर्स के लिए समय सीमा समाप्त हो रही है.पंजाब में स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से अब तक 13 राजनयिकों और अधिकारियों सहित 629 भारतीय पाकिस्तान से वापस आ चुके हैं. पाकिस्तानी नागरिकों को 'भारत छोड़ो' नोटिस सरकार द्वारा 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जारी किया गया था, जिनमें 26 लोगों की मौत हो गई थी. इनमें ज्यादातर पर्यटक थे.



### किन लोगों को छोड़ना है भारत?

गौरतलब है कि रअअफउ वीजा रखने वालों के लिए भारत से बाहर निकलने की समय सीमा 26 अप्रैल थी, जबकि मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए समय सीमा 29 अप्रैल है. जिन 12 श्रेणियों के वीजा धारकों को रविवार तक भारत छोड़ना है, उनमें वीजा ऑन अराइवल, बिजनेस, फिल्म, पत्रकार, ट्रांजिस्ट, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक, तीर्थयात्री और ग्रुप तीर्थयात्री शामिल हैं.

# पहलगाम हमले के बाद कुपवाड़ा में बंदूकधारियों ने की गोलीबारी

## व्यक्ति की मौत, लोगों में आक्रोश

पहलगाम हमले के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा अलर्ट के बीच बंदूकधारियों ने कुपवाड़ा में आम नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी.



एजेंसी

श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक आम नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान गुलाम रसूल माग्रे के रूप में की गई है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने शनिवार रात कानी खास इलाके में गुलाम रसूल माग्रे के घर में घुसकर उनपर फायरिंग की.उन्होंने कहा कि गोलीबारी के बाद बंदूकधारी भाग गए. हमले में गंभीर रूप से घायल माग्रे को हंदवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल में रेफर कर दिया गया. हालांकि, बाद में उनकी मौत हो गई.फायरिंग के बाद पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने हमलावरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया.

निशाना | बवाल के बाद कर्नाटक सीएम ने दी सफाई

# सिद्धारमैया के बयान को पाकिस्तानी मीडिया ने सराहा तो बीजेपी ने साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अपने बयान को लेकर मुश्किल में फंस गए हैं। दरअसल, उन्होंने शनिवार को कहा था कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया के इस बयान को पाकिस्तानी मीडिया ने अलग एंगल से पेश किया, जिसके बाद बीजेपी ने उन पर हमला बोला। बढ़ते हंगामे के बीच सिद्धारमैया ने अपने बयान पर सफाई दी है। पाकिस्तानी मीडिया में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान को लेकर काफी चर्चा हो रही है। सिद्धारमैया के बयान के बाद पाकिस्तानी मीडिया ने उनकी टिप्पणियों को एक अलग एंगल दे दिया है और इसे भारत के भीतर से युद्ध के खिलाफ आवाज बताया है। कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने जियो न्यूज बुलेटिन की एक क्लिप साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'सीमा पार से वजार-ए-आला @सिद्धारमैया के लिए बहुत-बहुत जयकार! पाकिस्तानी मीडिया @सिद्धारमैया की बहुत प्रशंसा कर रहा है और पाकिस्तान के साथ युद्ध के खिलाफ उनकी टिप्पणियों के लिए भाजपा और अन्य लोगों से मिल रही प्रतिक्रिया से निराश है। इससे यह साफ होता है कि सिद्धारमैया के बयान को पाकिस्तान में कैसे देखा जा रहा है और इसका क्या प्रभाव हो सकता है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने सिद्धारमैया पर उनके उस बयान के लिए तीखा हमला किया। सूर्या ने कहा, 'मुख्यमंत्री के पास आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिक्रिया तय करने का कोई अधिकार नहीं है। कार्रवाई का रास्ता सेना और देश के नेतृत्व को तय करना है। हम कौन होते हैं यह फैसला लेने वाले' सूर्या ने आगे कहा, 'जिन लोगों ने हमारे लोगों का बेरहमी से नरसंहार किया है, अगर हम उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं, तो क्या हमें उनकी आरती उतारनी चाहिए क्या हमें उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित करना चाहिए क्या हमें विधानसभा के सामने उनका अभिनंदन करना चाहिए' भाजपा सांसद ने सिद्धारमैया को यह भी याद दिलाया कि पहलगाम हमले में मारे गए लोगों में कर्नाटक के तीन लोग भी शामिल थे।

सूर्या ने आगे कहा, 'एक ऐसे राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में जिसने निर्दोष लोगों की जान गंवाई है, वह कम से कम इतना तो कर ही सकते हैं कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करें और हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करें।' मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सफाई देते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।



"मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सफाई देते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने युद्ध के बारे में अपने बयान के पक्ष और विपक्ष में बहस और चर्चा देखी है। युद्ध हमेशा किसी देश का अंतिम विकल्प होना चाहिए – कभी भी पहला या एकमात्र विकल्प नहीं। केवल तभी जब दुश्मन को हराने के लिए हर दूसरा तरीका विफल हो जाए, किसी देश को युद्ध के लिए मजबूर होना चाहिए।'

# पाकिस्तान को घुटनों पर लाया जाएगा, पहलगाम हमला पर हरदीप सिंह पुरी की टिप्पणी



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने मोहाली में एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे लगता है कि इस बार उन्होंने गलत अनुमान लगाया है। उन्होंने गलत नंबर डायल कर दिया क्योंकि हमारा नेतृत्व प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बिहार में बयान दिया था – ह्यबहुत हो गया और अब उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंग।'

एजेंसी


चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि पड़ोसी देश को 'घुटनों पर लाया जाएगा ताकि वह ऐसी घृणित हरकत करने की फिर कभी न सोच सके।' पुरी ने कहा कि पाकिस्तान 'पतन' की ओर अग्रसर एक ऐसा देश है जो आतंकवाद का सरकार की नीति के साधन के रूप में समय-समय पर इस्तेमाल करता रहता है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने मोहाली में एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे लगता है कि इस बार उन्होंने गलत अनुमान लगाया है। उन्होंने गलत नंबर डायल कर दिया क्योंकि हमारा नेतृत्व प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बिहार में बयान दिया था - बहुत हो गया और अब उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंग।' भारत और पाकिस्तान के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद और भी बिगड़ गए हैं। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। नयी दिल्ली में केंद्र सरकार ने पहलगाम हमले के तार सीमा पार से जुड़े होने के मद्देनजर पाकिस्तानी सैन्य सलाहकार (अताशे) को निष्कासित करने, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी-वाघा सीमा-चौकी को तत्काल बंद करने समेत कई कदमों की घोषणा की थी।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान का पागलपन, पूरी तरह बेशर्मी पर उतरा

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से भी गंदा काम लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक ने तब किया जब पहलगाम हमले को लेकर वहां रह रहे भारतीय अपना रोष प्रकट कर रहे थे। इस राजनयिक ने अपने उच्चायोग की बालकानी पर आकर भारतीयों का गला काटने की धमकी दी। गनीमत है कि उसने अपने हाथ में चाकू नहीं थामा। आतंक का समर्थक कोई देश कितना निर्लज्ज हो सकता है, यह पहलगाम के भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के सैन्य अफसरों, नौकरशाहों और नेताओं की प्रतिक्रिया से स्पष्ट होता है। पहले तो पाकिस्तान आतंकी घटनाओं में अपना हाथ मिलने पर तरह-तरह की सफाई देता था, खुद को आतंकवाद से पीड़ित होने की बात करता था और आतंकी देश की अपनी छवि सुधारने का दिखावा करता था, लेकिन अब तो वह पूरी बेशर्मी पर उतर आया है। इसका पता वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के इस बयान से मिलता है कि हम 30 वर्षों से आतंकी तैयार करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह समझाने की कोशिश की कि पाकिस्तान ने यह गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया, लेकिन क्या इन देशों ने जिहादी आतंक की फैक्ट्रियां तैयार करने के लिए उसे बंधक बना लिया था? सब जानते हैं कि वह डालरों के लालच में और इस्लामी जगत का अगुआ बनने के लिए यह सब कर रहा था। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से भी गंदा काम लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक ने तब किया, जब पहलगाम हमले को लेकर वहां रह रहे भारतीय अपना रोष प्रकट कर रहे थे। इस राजनयिक ने अपने उच्चायोग की बालकानी पर आकर भारतीयों का गला काटने की धमकी दी। गनीमत है कि उसने अपने हाथ में चाकू नहीं थामा। उसने इस्लामिक स्टेट के खूंखार जिहादियों जैसा इशारा कर पाकिस्तान को तो शर्मसार किया ही, यह भी बताया कि वहां के शासन के उच्चस्तर पर कैसी घृणित मानसिकता वाले लोग प्रवेश कर गए हैं। इस पर हैरानी नहीं कि भारतीयों का गला रेतने का इशारा करने वाला राजनयिक मूलतः पाकिस्तान का कर्नल है, जो लंदन में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। पाकिस्तान को तो उसकी इस हरकत पर कोई शर्मिंदगी नहीं होगी, लेकिन ब्रिटेन को इस पर सोचना चाहिए कि क्या वह अपनी धरती पर ऐसे राजनयिक को सहन कर सकता है? इस राजनयिक की हरकत से यह और अच्छे से स्पष्ट होता है कि पाकिस्तानी सेना ने किस तरह किसी जिहादी संगठन में तब्दील हो गई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तो पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ही हैं, जो जिहादी मौलाना की तरह नफरत भरे भाषण करते हैं। एक ऐसा ही भाषण उन्होंने पहलगाम हमले के सप्ताह भर पहले ही दिया था। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जो कदम उठाए हैं

## आज का विचार







**मेष राशिः** दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है. परिजनों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे. परंपरागत कार्य पर आपका पूरा जोर रहेगा. परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा. बैंकिंग क्षेत्रो में कार्यरत लोग बचत की किसी योजना में निवेश कर सकते हैं.

**वृष राशिः** दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव करने के लिए सोच विचार कर सकते हैं. नए कार्यों पर आपका पूरा ध्यान रहेगा. आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है.

**मिथुन राशिः** दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है. आप अपने किसी मित्र के कारण किसी अच्छे योजना में धन लगा सकते हैं. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. आपको परिवार में लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा. संस्कारों को आप बढ़ावा देंगे.

**कर्क राशि :** दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से बेहतर रहेगा. आपको छुटपुट लाभ के अवसरों पर ध्यान देना होगा. आपको एक के बाद एक शुभ सूचना मिल सकती है. श्रेष्ठ कार्यों में आप आगे रहेंगे. जोखिम उठाकर करने वाले काम में आपको सफलता मिलेगी.

**सिंह राशि :** दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है. आपको किसी नई संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है. प्रबंधन के विषयों पर आप पूरा ध्यान देंगे. कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की सराहना होगी.

**कन्या राशिः** दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. दीर्घकालीन योजनाओं में आप आगे बढ़ेंगे. धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी. आप किसी कार्य को करने के लिए पूरा संकल्प लें. यदि आपके काम में कुछ अवरोध आ रहे थे

**तुला राशि :** दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ से काम करने के लिए रहेगा. आप अपने बिजनेस में सुधार लाएं. आर्थिक लेनदेन में आपको स्पष्टता बनाए रखें. परिजनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा.

**वृश्चिक राशिः** दिन आपके लिए व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है. कामकाज में परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी. साझेदारी में किसी काम को करना आपके लिए अच्छा रहेगा. आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है.

**धनु राशि :** दिन आपके लिए किसी काम में उसके नीति में नियमों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा. आप पर लोगों का साथ विश्वास बना रहेगा और आप सबको साथ लेकर चलने की पूरी कोशिश करेंगे. आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी. लेनदेन से संबंधित मामलों में किसी अजनबी पर भरोसा ना करें. आप अपने डेली रूटीन को बनाए रखेंगे.

**मकर राशिः** आपके लिए मिश्रित रुप से फलदायक रहने वाला है. आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा होता दिख रहा है. आप अपने डेली रूटीन में योग व व्यायाम को बनाए रखें, तभी आप स्वस्थ रह सकेंगे. संतान की शिक्षा से संबंधित कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है. नवीन योजनाओ पर आपका पूरा जोर रहेगा.

**कुंभ राशिः** दिन आपके लिए जल्दबाजी में किसी निर्णय को लेने से बचने के लिए रहेगा. आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी. धार्मिक कार्यों में आपका पूरा रुझान रहेगा. गरीबों के साथ आप कुछ पुरानी यादें ताजा करेंगे. भौतिक वस्तुओं पर आपका पूरा फोकस रहेगा. आपको परिवार के लोगों की बातों पर आपका पूरा ध्यान रहेगा. भावनात्मक मामलों में आपको धैर्य बनाए रखनी होगी.


**मीन राशिः** दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. पारिवारिक विषयों में आपकी पूरी रुचि रहेगी. भाई बंधुओ से यदि किसी बात को लेकर रिश्तो में दरार आ गई थी, तो वह भी दूर होगी. आपके अंदर सहकारिता का भाव बना रहेगा. कुछ नए संपर्कों का आपको लाभ मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# न भूलें और न ही माफ करें, मानवता को कलंकित करने वाली बर्बर घटना

**पाकिस्तान ने उस शिमला समझौते को भी रद करने की धमकी दी है जिसका कभी उसने सम्मान किया ही नहीं। वह इस समझौते के खिलाफ जाकर कश्मीर मसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाता रहा नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करता रहा और आतंकियों की घुसपैठ कराता रहा। शिमला समझौते के बाद भी कारगिल में घुसपैठ हुई और न जाने कितने आतंकी हमले।**

पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों की ओर से जिस तरह पर्यटकों से उनका मजहब पूछकर हत्या की गई, वह मानवता को कलंकित करने वाली ऐसी बर्बर घटना है, जिसकी मिसाल मुश्किल से मिलती है। जिहादी आतंकियों ने पहले भी तमाम घटनाओं को अंजाम दिया है, पर कम से कम भारत में यह पहली बार है, जब लोगों का मजहब पता कर हत्या की गई हो। साफ है आतंकी मजहबी उन्माद से प्रेरित थे। आतंकियों की ओर से इस तरह हत्या करने का एक मकसद भारत में हिंदू-मुस्लिम खाई पैदा करना भी था। यह अच्छा है कि उनके और पाकिस्तान के इस मकसद को पूरा न होने देने के लिए भारत के लोगों ने कमर कस ली है। मुस्लिम समाज ने पहलगाम की घटना का जिस तरह विरोध किया, काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी और कहा कि इस घटना ने इस्लाम को बदनाम किया है, वह स्वागतयोग्य है। देश में आगे भी सद्भाव बना रहे, यह देखना सभी समुदायों की जिम्मेदारी है। पहलगाम की घटना उन चुनिंदा आतंकी घटनाओं जैसी है, जिसने दुनिया का आतंक के प्रति सोच बदला। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने स्थानीय आतंकियों से मिलकर इस घटना को अंजाम इसलिए भी दिया, ताकि यह दिखा सकें कि कश्मीर का माहौल बदला नहीं और वहां शांति नहीं लौट रही है। पाकिस्तान को कश्मीर में सामान्य होती स्थितियां रास नहीं आईं और उसने पहलगाम हमले की साजिश रची। पाकिस्तान से आतंकी कश्मीर में घुसने की



कोशिश करते ही रहते हैं। कुछ पकड़े जाते हैं, कुछ मारे जाते हैं और कुछ कश्मीर के आतंकियों से मिलकर आतंक को बढ़ावा देते हैं। यह सिलसिला इसलिए रुक नहीं रहा, क्योंकि कश्मीर में अब भी कुछ लोग ऐसे हैं, जो जिहादी मानसिकता से ग्रस्त हैं और इस मुगालते में हैं कि वे पाकिस्तान की मदद से आतंक के सहारे कश्मीर को मजहब के नाम पर आजाद करा लेंगे। इसीलिए वे आतंक की राह पर चलते रहते हैं। इसके लिए पाकिस्तान उन्हें उकसाता ही नहीं है, हथियार और प्रशिक्षण देने के साथ हर तरह की मदद भी देता है। इन मुट्ठी भर लोगों की पहचान तब संभव है, जब कश्मीर की जनता उनके खिलाफ खुलकर खड़ी हो। पहलगाम की घटना के बाद अनेक लोग खड़े हुए, लेकिन यह भी एक तथ्य है कि पर्यटकों पर कहर बरपाने वाले आतंकी छिपने में सफल रहे। आखिर किसी ने तो उनकी मदद की होगी। कश्मीर में स्थितियां सामान्य हो रही हैं, यह संदेश भारत सरकार लगातार देश-दुनिया को दे रही थी। इसके लिए वहां जी-20 सम्मेलन से जुड़े कार्यक्रम और विधानसभा चुनाव कराए गए, पर कश्मीर में सब कुछ सामान्य नहीं था। वहां आतंकियों और उनके समर्थकों की गतिविधियां जारी थीं। इसी कारण वहां आतंकी घटनाएं हो रही थीं, जिनमें सेना को भी निशाना बनाया जा रहा था। इन घटनाओं की तह तक जाने की जरूरत थी। पहलगाम की घटना इस ओर संकेत करती है कि कश्मीर में कुछ ऐसे आतंकी तत्व भी शांति के पक्ष में होने का दिखावा करने लगे थे, जिन्हें आर्थिक लाभ के चलते पर्यटकों के आने से तो कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन वे भारत से बैर करना और आतंकियों का साथ देना नहीं छोड़ रहे थे। ऐसे सभी तत्वों की पहचान और धरपकड़ पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाना आवश्यक था। आतंकी घटनाओं में कमी के बाद भी आतंक के प्रत्येक समर्थक की चुन-चुन कर कमर तोड़ी जानी चाहिए थी, ताकि वे पाकिस्तानी आतंकियों से मिलकर कोई कारनामा न कर पाते। पहलगाम की घटना के बाद इस प्रश्न का जवाब भी मिलना चाहिए कि आखिर पहलगाम में जहां पर रोज दो-ढाई हजार पर्यटक पहुंच रहे थे, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए? पहलगाम के पहले कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित जो आतंकी घटनाएं हुईं, उनके लिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया। उड़ी में हमले के बाद सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक की गई। इसके बाद पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक की गई। पाकिस्तान ने भारत की इन सैन्य कार्रवाइयों से सबक नहीं सीखा। वह सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर के नेतृत्व में फिर से पुरानी राह पर आ गया। भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के साथ अन्य फैसले लेकर पाकिस्तान को सबक सिखाने का फैसला कर लिया है। भारत के फैसले पर पाकिस्तान ने कहा है कि इस समझौते से पीछे हटने का मतलब युद्ध के एलान जैसा है। फिलहाल जो मौजूदा ढांचा है, उसमें पाकिस्तान को जाने वाला पानी रोकना तत्काल संभव नहीं, लेकिन भारत इसके लिए प्रतिबद्ध है और तैयारी भी कर रहा है। पाकिस्तान जब तक सुधरने का नाम नहीं लेता, भारत को उस पर दबाव बनाए रखना होगा। पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि आगे हालात जैसे भी हों, उसे भारत से पहले जितना पानी नहीं मिलने वाला। पाकिस्तान ने उस शिमला समझौते को भी रद करने की धमकी दी है, जिसका कभी उसने सम्मान किया ही नहीं। वह इस समझौते के खिलाफ जाकर कश्मीर मसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाता रहा, नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करता रहा और आतंकियों की घुसपैठ कराता रहा। शिमला समझौते के बाद भी कारगिल में घुसपैठ हुई और न जाने कितने आतंकी हमले। यदि पाकिस्तान शिमला समझौता रद करता है तो भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना को नियंत्रण रेखा से पीछे धकेलकर पुरानी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक खदेड़ सकती है। ध्यान रहे कि भारत की संसद का यह प्रस्ताव है कि गुलाम कश्मीर को वापस लिया जाएगा। पहलगाम की घटना इतनी भयानक है कि इसका प्रतिकार होना तय है। यह वक्त बताएगा कि यह सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में सामने आएगा या पाकिस्तान की कमर तोड़ने वाली किसी बड़ी सैन्य कार्रवाई के रूप में या अन्य किसी रूप में, पर पहलगाम में जो नरसंहार हुआ, उसे न तो भूला जा सकता है, न ही पाकिस्तान को माफ किया जा सकता है। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि पहलगाम हमले पर पाकिस्तान के जनरलों, नौकरशाहों और नेताओं की प्रतिक्रिया बहुत ही भोंडी, उकसावे, आतंक का महिमामंडन करने और उसके साथ बेशर्मी से खुलकर खड़े होने वाली है।

# नष्ट होती पृथ्वी को बचाएं

संजीव ठाकुर



जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# कपास के धागों में उलझे किसान

विजय गर्ग

भारत कभी विश्व में कपास का एक प्रमुख उत्पादक और निर्यातक था। मगर आज कपास उत्पादन गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह संकट न केवल किसानों की आजीविका पर खतरा पैदा कर रहा है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और वस्त्र उद्योग पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। कपास भारत की महत्त्वपूर्ण नकदी फसल है, जिसका देश की कृषि अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है। यह लाखों किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए आय का मुख्य स्रोत है। इसके अलावा, यह भारतीय वस्त्र उद्योग की रीढ़ की हड्डी है, जो देश के सबसे बड़े रोजगार सृजन क्षेत्रों में से एक है। सदियों से, भारत ने उच्च गुणवत्ता वाले कपास का उत्पादन किया है और वैश्विक बाजार में प्रमुख स्थान बनाए रखा है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय कपास उत्पादन कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिससे इसके में गिरावट आई है और किसानों को कीटों का प्रकोप, मिट्टी की उर्वरता में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है कमी, पानी की कमी, बढ़ती लागत और बाजार की अस्थिरता जैसे कारकों ने मिल कर इस संकट को जन्म दिया है। इस संकट का सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति, वस्त्र उद्योग में प्रतिस्पर्धा और अंततः देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन भारतीय कृषि के लिए बड़ा खतरा बन गया है। कपास उत्पादन भी इससे अछूता नहीं है। अनियमित वर्षा, अत्यधिक गर्मी, सूखा और बाढ़ से कपास बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लंबे समय तक सूखे के कारण सिंचाई के लिए पानी की कमी हो जाती है, जबकि अत्यधिक वर्षा और बाढ़ से फसलें नष्ट हो जाती हैं। बदलते मौसम के कारण कीटों और बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे फसल की पैदावार र गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रही हैं। दरअसल, कपास की फसल विभिन्न के कीटों और र बीमारियों के के प्रति संवेदनशील होती है। इनमें सबसे प्रमुख गुलाबी 'बालवर्म' है, जिसने हाल के वर्षों में देश के कई कपार उत्पादक क्षेत्रों क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बीटी कपास, जिसे 'बालवर्म' के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए जेनेटिक रूप से संशोधित किया गया था, शुरू में में काफी सफल रहा, लेकिन धीरे-धीरे कौटों ने इसके प्रति भी प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है। इसके अलावा, सफेद मक्खियों और अन्य बीमारियों ने भी कपास की फसल को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

लगातार एक ही प्रकार र की फसल उगाने और रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण देश के कई कपास उत्पादक क्षेत्रों में में मिट्टी की उर्वरता कम हो गई है। मिट्टी में जैविक कार्बन की कमी हो गई है, ₹ जिससे मिट्टी की जल धारण क्षमता र पोषक तत्त्वों बनाए रखने की क्षमता कम हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, कपास की पैदावार में गिरावट आई है और उत्पादन लागत बढ़ गई है। कपास पानी की खपत वाली फसल है। भारत के कई कपास उत्पादक क्षेत्र पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे से हैं। भूजल स्तर में गिरावट और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में कमी के कारण किसानों को कपास की खेती करने में कठिनाई हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है।कपास की खेती की लागत पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक, कीटनाशक और श्रम की लागत में वृद्धि के कारण किसानों के लिए कपास की खेती करना महंगा हो गया है। इसके अलावा, कीटों और बीमारियों के प्रकोप के कारण किसानों को अतिरिक्त कीटनाशक खरीदने और उनका उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उत्पादन लागत और बढ़ जाती है। कपास की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है, जिससे किसानों के लिए अपनी उपज की बिक्री से स्थिर आय प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है।

# कार-पिकअप की टक्कर

## तिलक समारोह से लौट रहे युवक की मौत, दो साथी मेडिकल कॉलेज में भर्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, खुखुंदू थाना क्षेत्र में मईल-मुसैला मार्ग पर शनिवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो अन्य लोग घायल हो गए। मझवलिया गांव के विकास कुशवाहा (27) भागलपुर के अजना गांव में एक तिलक समारोह में गए थे। वे अपने दो साथियों कुलदीप और रविन्द्र के साथ ब्रेजा कार में वापस लौट रहे थे। विकास खुद कार चला रहे थे। मगहरा



चौराहे के पास सामने से आ रही एक पिकअप ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। तीनों घायलों को देवरहा बाबा स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। कुलदीप और रविन्द्र का इलाज जारी है। पुलिस ने विकास के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# सर्वाधिक बांसुरी वादक वाला ठाणे एक खूबसूरत शहर है : पद्मविभूषण पं. हरिप्रसाद चौरसिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे एक खूबसूरत शहर है और महाराष्ट्र के ठाणे में सबसे अधिक बांसुरी वादक हैं। मुझे खुशी है कि मेरे वरिष्ठ शिष्य विवेक सोनार के मार्गदर्शन में यह संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इस आशय का उद्गार पद्म विभूषण पं. हरिप्रसाद चौरसिया ने ठाणे में गुरुकुल प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित 'स्वर प्रभात' कार्यक्रम में व्यक्त किया है। उन्होंने पहली से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विवेक सोनार द्वारा लिखित पाठ्यपुस्तक का विमोचन किया। नये शैक्षणिक वर्ष से यह पुस्तक पश्चिम बंगाल के 100 स्कूलों में शुरू की जाएगी। 'स्वर प्रभात' कार्यक्रम का दूसरा एपिसोड ठाणे में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन गुरुकुल प्रतिष्ठान द्वारा किया गया। वरिष्ठ गायक पंडित सुरेश बापट और पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया मुख्य



अतिथि थे। कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन और सामूहिक बांसुरी वादन का कार्यक्रम शामिल था। शास्त्रीय संगीत के अग्रणी संगठन गुरुकुल प्रतिष्ठान ने ठाणे के टाउन हॉल एम्पीथियेटर में 'स्वर प्रभात' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम रविवार 27 अप्रैल को प्रातः 7.30 बजे दर्शकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बसरी के खिलाड़ी पंडित विवेक सोनार के युवराज सोनार, वरिष्ठ शिष्य हिमांशु गिंडे, प्रशांत बानिया, सतेज करंदीकर और रितेश भालेराव ने राग अहीर भैरव की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत की और तबले पर रोहित देव ने संगत की।

ठाणे के वरिष्ठ गायक पंडित सुरेश बापट ने अपने शास्त्रीय गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राग कोमल ऋषभ असावरी और राग लालत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। अनंत जोशी ने हारमोनियम पर संगत की, जबकि सुहास चितले ने तबले पर संगत की।यूनियन बैंक के श्रीयुत भाटिया, ठाणे के डिप्टी कमिश्नर दिनेश तायडे, पंडित सुरेश बापट, रवि नवले, कविता सोनार और पंडित विवेक सोनार ने दीप प्रज्वलित किया। ठाणे के साईराज नवले, जलगांव के अजय सोनावणे, कोलकाता के सोहंग डे, अनीश पाल, सोलापुर के मयूरेश जाधव, मुंबई की खुशी चौगुले और चालीसगांव के युवराज सोनार सिद्धेश खैरनार को 5 लाख रुपये की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत के लिए काफी काम किया जा रहा है। मैं विवेक की शुरूआत से लेकर अब तक की यात्रा का साक्षी हूं। ठाणे मनपा हमेशा ऐसे आंदोलनों का समर्थन करेगा। यह भावना उन शब्दों में व्यक्त की गई है जो कलाकारों के साथ खड़े होंगे। प्रवीण कदम का बहुमूल्य सहयोग रहा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ठाणेकर पारखी उपस्थित थे। गायिका उत्तरा चौसालकर, निशाद बाकरे, कथक नृत्यांगना मुक्त जोशी मौजूद रहीं।

फास्ट ट्रैक

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

## परिवार का आरोप- फोन कर बुलाया और हत्या कर दी, पुलिस मान रही हादसा

शाहजहांपुर, कलान थाना क्षेत्र में एक युवक की मौत के मामले में परिवार और पुलिस के बीच विवाद खड़ा हो गया है। मृतक की पहचान सैदापुर गांव के 35 वर्षीय सत्यराम के रूप में हुई है। सत्यराम खेतीबाड़ी और मजदूरी कर अपनी पत्नी और तीन बच्चों का पालन-पोषण करते थे। शाम मिर्जानपुर कटिया के रोड किनारे उनका शव मिला। वहां से गुजर रहे उनके चचेरे भाई ने भीड़ देखकर शव की पहचान की। मृतक के परिजनों का कहना है कि शनिवार शाम को दूसरे गांव के कुछ



युवकों ने सत्यराम को फोन कर बुलाया था। इसके बाद वह देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने शव पर चोट के निशान होने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा उन्होंने फोन करने वाले युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं थाना प्रभारी का कहना है कि यह एक दुर्घटना का मामला है। उनके अनुसार, दो बाइकों की टक्कर में सत्यराम की मौत हुई है। हादसे में घायल अन्य लोगों को बदायूं में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# मिर्जापुर में घर से 10 लाख के जेवर और नकदी

## मालिक बहन के गृह प्रवेश में गया था, 3 घंटे में चोरों ने उड़ाए सामान

मिर्जापुर, विंध्याचल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। सगरा गोसाई पुरवा में हुई इस चोरी में करीब 10 लाख रुपये के जेवर और 70 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। गृह स्वामी हिमांशु कुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ बहन के घर गृह प्रवेश समारोह में गए थे। वे रात 8 बजे घर से निकले और 11 बजे वापस लौटे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। बॉक्स में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी गायब थी। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना




दी। पुलिस ने रात में और अगली सुबह मौके का निरीक्षण किया। स्थानीय निवासी विभूति मिश्र के अनुसार, सगरा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। फोरलेन सड़क पर लगे लोहे के अधिकांश डिवाइडर भी चोर चुरा ले गए हैं। इस कारण क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हिमांशु कुमार गुप्ता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# डॉ. घाणेकर रंगमंच की टिकट खिड़की खुलने से पूर्व ही प्रथम दो या तीन रो रहती है 'बुक'

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , डॉ. काशीनाथ घाणेकर रंगमंच में, 'एका लग्नाची पुढची गोष्ट' और 'आसेन मि... नासेन मि...' के लिए पहली दो या तीन पंक्तियों के टिकट खिड़कियां खुलने से पहले ही बुक हो जाने की चौंकाने वाली घटना हुई है। इनमें से कुछ नाट्य प्रेमियों ने पूर्व भाजपा गुटनेता नारायण पवार से इसकी शिकायत की है।ठाणे में राम गणेश गडकरी रंगायतन नाट्यगृह का नवीनीकरण कार्य चल रहा है, इसलिए हीरानंदानी मीडोज के निकट स्थित डॉ घाणेकर रंगमंच में मराठी नाटकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। थिएटर के नियमों के अनुसार, थिएटर की पहली पांच पंक्तियों के लिए टिकटों की बिक्री प्रदर्शन से चार दिन पहले शुरू हो जाती है। पिछली पंक्तियों के बीच के टिकट फोन बुकिंग और ऑनलाइन के माध्यम से बेचे जाते हैं। पांचपखाड़ी के कुछ रंगमंच प्रेमी 30 अप्रैल को 'एका लग्नाची पुधाची गोष्ट' और मई को



'आसेन मि... नासेन मि...' नाटकों के लिए अगली कतार के लिए टिकट लेने के लिए सुबह 7.30 बजे पहुंचे। जब सुबह 8.30 बजे दोनों नाटकों की बुकिंग के लिए खिड़की खोली, तो बताया गया कि पहली से चौथी कतार में केंद्रीय स्थान के लिए टिकट बुक हो गए थे। दोनों नाटकों की बुकिंग खिड़की पर यही स्थिति थी। कुछ प्रशंसकों द्वारा पूछताछ के बाद बताया गया कि 'शादी की अगली चीज' के लिए टिकट मेहमानों के लिए आरक्षित थे। तो यह बताया गया कि 'असेन मि... नासेन मि...' प्रयोग की पहली दो या तीन पंक्तियों के टिकट फोन बुकिंग पर बुक किए गए थे। दरअसल, नियमों के अनुसार छठी पंक्ति की टिकटें फोन बुकिंग के जरिए बुक की जाती हैं। कुछ नाट्य प्रेमियों ने पूर्व भाजपा गुटनेता नारायण पवार से इसकी शिकायत की। मनपा के दोनों नाट्यगृहों में टिकट बुकिंग के लिए निश्चित नियम बनाने की जरूरत है। यहां तक कि एक साधारण रंगमंच पारखी, जो अपना समय व्यस्तता में बिताता है, उसे भी अपनी पसंद की कतार में नाटक देखने का अधिकार है। इसलिए इस प्रकार की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि थिएटर की टिकट खिड़की पर सीसीटीवी लगाया जाए। पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक नारायण पवार ने बताया कि सोमवार को मनपा आयुक्त सौरभ राव को इस आशय का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# बिजली का तार टूटा

## 11000 वोल्टेज की लाइन गिरने से दो गायों की मौत, एक गाय थी गर्भवती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, जनपद के थाना सरेनी क्षेत्र के सोमवंशी खेड़ा में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। पावर हाउस से बिजली सप्लाई शुरू होते ही 11000 वोल्टेज की लाइन टूट गई। इस हादसे में खेत में चर रही दो गायें बिजली के तार की चपेट में आ गईं। दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई। गायों के मालिक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वह अपनी गायों को चराने आए थे। उन्होंने बताया कि दोनों गायों की कीमत 90,000 रुपये थी। इनमें से एक गाय 4-5 दिन में बच्चा देने वाली थी। वहीं अन्य लोग जो भी गाय जानवर चर रहे थे उन प्रत्यक्षदर्शी चंद्रेश बहादुर सिंह ने बताया कि बिजली लगने के 10 मिनट बाद ही व क्रॉस टूटने की वजह से दोनों गए तारों की चपेट में आने से मौके पर खत्म हो गई पीड़ित अरुण कुमार सिंह ने बिजली विभाग से नुकसान की भरपाई की मांग की है। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है।

# स्वीट शॉप से नाली में फेंकी जा रही कचरा सामग्री



- गदागंज में दुकानदार की मनमानी, स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, विकास खंड दीनशाह गौरा में स्थित गदागंज बाजार में एक स्वीट शॉप से जुड़ा विवाद सामने आया है। गदागंज चौराहे से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित गुप्ता स्वीट हाउस के सामने लोक निर्माण विभाग द्वारा जल निकासी के लिए नाली बनाई गई है। दुकान के मालिक पप्पू गुप्ता दुकान की सफाई से निकली सड़ी-गली सामग्री को इसी नाली में फेंक रहे हैं। नाली से पानी का निकास न होने के कारण कचरा वहीं जमा हो रहा है। इससे निकलने वाली दुर्गंध से आसपास के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सुनील, शरीफ, राजन, सुशीला, राय सिंह, अब्दुल कलाम, संतोष कुमार, हरीराम और राजकुमार ने बताया कि बदबू के कारण खाना खाना और आराम करना मुश्किल हो गया है। जब वे दुकानदार से शिकायत करते हैं, तो वह झगड़ने पर उतारू हो जाता है। दुकानदार का कहना है कि वह सरकारी नाली में कचरा फेंक रहा है, किसी की निजी संपत्ति में नहीं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से इस मामले की जांच कराने की मांग की है। यह स्थिति जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद की पहल पर नूरपुर में बनेगा रपटा पुल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ) मान्धाता के नूरपुर पुरैला के बीच बकुलाही नदी पर स्थानीय लोगों का आवागमन सुलभ बनाने और क्षेत्र के लोगों की एक सबसे बड़ी समस्या को खत्म करने के लिए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद आगे आएं हैं। जिससे वर्षों से रपटा पुल की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के मन में उम्मीद जगी है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने बताया नूरपुर पुरैला के बीच बकुलाही नदी पर एक रपटा पुल की बहुत जरूरत है क्योंकि गांव के लोगों को दस किलोमीटर घूम कर देल्हूपुर और मऊ आइमा जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों को किसी की मौत हो जाने पर अंतिम संस्कार के लिए कब्रस्तान पहुंचने में कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। या फिर नदी में पानी कम रहा तो लोग पानी और दल-दल के बीच आते जाते हैं। स्कूली बच्चों और मरीज के लिए बहुत बड़ी समस्या है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कहा कि लोगों की समस्या को देखते हुए मै अपने साथियों के साथ पुरैला और नूरपुर के लोगों से मिलकर उनकी समस्या को सुना और समझा। यह गांव के लोगों के लिए बड़ी समस्या है जिससे इनका विकास प्रभावित हो रहा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कहा कि हमारी कोशिश होगी की पुरैला और नूरपुर के बीच बकुलाही नदी पर जनता की समस्या को देखते हुए एक रपटा पुल का निर्माण हो। पुरैला , नूरपुर के लोगों ने बताया कि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने एक अच्छी पहल की है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही हमारी समस्या का समाधान होगा और आवागमन को लेकर हम सभी की वर्षों पुरानी समस्या खत्म होगी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने पुरैला नूरपुर सहित रपटा पुल की समस्या से परेशान गांव का दौरा कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान गांव और आसपास के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# तिलहर में विहिप-बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन

## पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका, उरी हमले का जिक्र किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेशनल हाईवे स्थित बाईपास चौराहे पर रिशु गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। रिशु गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित



आतंकवाद से भारत लगातार पीड़ित है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों और नागरिकों की जान जा रही है। गुप्ता ने उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा अटैक के बाद की एयर स्ट्राइक का जिक्र किया। उन्होंने सरकार से आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# पहलगाम आतंकी हमले पर मिर्जापुर में शोकसभा का आयोजन

- राष्ट्रवादी मंच के अध्यक्ष बोले- पाकिस्तान को उसी की भाषा में देना होगा जवाब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, राष्ट्रवादी मंच द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। चौबे टोला रामटेक में आयोजित इस सभा में राष्ट्रवादी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने पहलगाम हादसे की कड़ी निंदा की। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तान को कश्मीर की खुशहाली और विकास स्वीकार नहीं है। उन्होंने आतंकी वारदात के समय सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि इस घटना में सुरक्षा में चूक स्पष्ट दिखाई देती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश का सत्ता पक्ष और विपक्ष राष्ट्र की एकता, अखंडता और जनता की सुरक्षा के लिए एकजुट है। उन्होंने इस आतंकी वारदात को भारत को गृह युद्ध की स्थिति में धकेलने की साजिश करार दिया। शोकसभा में नागरिक संगठन के अध्यक्ष अरुण मिश्रा, राष्ट्रवादी मंच के नगर अध्यक्ष आनंद अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिवम श्रीवास्तव ने किया।

# सीएम का फर्जी व्यवस्था अधिकारी बनकर पुलिस को दिए निर्देश

## युवक ने कई बार फोन कर बनाया दबाव, पुलिस ने हिरासत में लिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक युवक ने मुख्यमंत्री का व्यवस्था अधिकारी होने का झूठा दावा कर पुलिस को निर्देश देने का प्रयास किया। युवक ने एसपी के पीआरओ के सीयूजी नंबर पर फोन कर एक महिला से जुड़े मामले में कार्रवाई के लिए कहा। आरोपी ने 31 मार्च और 1 अप्रैल को भी सीयूजी नंबर पर कॉल किया था। 15 अप्रैल को फिर से




फोन कर मिजार्पुर थाना क्षेत्र की एक महिला के मामले में दखल दिया। बार-बार फोन आने से पुलिस को शक हुआ। जांच में पता चला कि आरोपी का नाम मनोज कुमार मिश्र है जो शाहजहांपुर का ही रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। इनमें अपनी पहचान छिपाना, मुख्यमंत्री का व्यवस्था अधिकारी बताना और लोक सेवा के कार्य में बाधा डालना शामिल है। सीओ सिटी पंकज पंत के अनुसार, आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने पीआरओ अशोक कुमार सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। आरोपी पर लोक सेवक पर अनैतिक दबाव बनाने का भी आरोप है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला शव

## गाजियाबाद जा रहे हरदोई के युवक की पहचान में जीआरपी ने की देरी, परिजनों का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, रेलवे ट्रैक के पास मिले एक शव की पहचान तीन दिन बाद हरदोई निवासी 30 वर्षीय शैलेन्द्र के रूप में हुई है। शैलेन्द्र गाजियाबाद के एक बैंकेट हॉल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। 24 अप्रैल को वह अपने बैंक खाते में आई समस्या के कारण घर आए थे। उसी दिन श्रमजीवी एक्सप्रेस से गाजियाबाद वापस जाने के लिए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। चचेरे भाई के स्टेशन से जाने के बाद उनका परिवार से संपर्क टूट गया। 25 अप्रैल की सुबह तिलहर में रेलवे ट्रैक के पास उनका शव मिला। शव को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पहचान न होने पर जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। परिजनों ने पचदेवरा थाने में गुमशुदगी



की रिपोर्ट दर्ज कराई। वे शाहजहांपुर जीआरपी थाने भी गए। परिजनों का आरोप है कि एसएसआई ने न तो सीसीटीवी फुटेज चेक की और न ही तलाश में कोई मदद की। दबाव बनाने के बाद जीआरपी ने बीती रात परिजनों को बुलाया और तस्वीर दिखाकर शव की शिनाख्त कराई। शैलेन्द्र का बैग अभी तक नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर चले गए।

# जेल में वित्त मंत्री ने की एक्सरसाइज



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जिला कारागार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बंदियों के लिए बनाए गए जिम और बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया। मंत्री ने जिम में कुछ मशीनों पर व्यायाम भी किया। जेल में महिला बंदियों ने प्रधानमंत्री का चित्र बनाकर वित्त मंत्री को भेंट किया। मंत्री ने आजादी के त्रिमूर्ति पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान के विशाल बाल पेंटिंग का अनावरण किया। उन्होंने बंदियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा कि इसमें जान डाली गई है। कार्यक्रम में महिला बंदियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।सुदामा प्रसाद विद्यालय की बालिकाओं ने देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बंदियों ने देशभक्ति के नाटक, नृत्य और झांकियां प्रस्तुत कीं। मंथन नाट्य अकादमी के कलाकारों ने 'प्रणाम काकोरी' नाटक का मंचन किया। वित्त मंत्री ने जेल अधीक्षक मिजाजीलाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जेल को एक सुधार गृह के रूप में परिवर्तित किया है।

भारत संवाद परिवार


1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तानी मंत्री बोले- भारत 130 परमाणु मिसाइलों के निशाने पर

## ये सजावट के लिए नहीं रखीं; सिंधु का पानी रोका तो युद्ध के लिए तैयार रहें

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तानी रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत पर परमाणु बम हमले की धमकी दी। उन्होंने कहा, हमने शाहीन, गोरी और गजनवी जैसी 130 मिसाइल भारत के लिए रखी हैं। अगर भारत सिंधु जल संधि को रोकता है, तो हम उसकी सांसें रोक देंगे। भारत को युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। पाकिस्तान के परमाणु हथियार सजाने के लिए नहीं रखे हैं, बल्कि हमने देशभर में परमाणु हथियार कई ठिकानों पर छिपा रखे हैं। अब्बासी ने कहा कि हमारी मिसाइलों का निशाना भारत की तरफ है। ये बात भारत भी जानता है कि हमारे पास हथियार हैं, इसलिए वो हम पर हमला नहीं कर रहा है। अब्बासी ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा में खामियों को मानने के बजाय पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगा रहा है। इस्लामाबाद अपने खिलाफ उठाए गए किसी भी आर्थिक कदम के फैसले से मुकाबला करने के लिए तैयार है।



हनीफ अब्बासी ने भारत की तरफ से पाकिस्तान के लिए पानी की सप्लाई रोकने और ट्रेड संबंधों को खत्म करने का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस भारत के लिए बंद कर दिया है। इससे दो ही दिन में भारत की एविएशन इंडस्ट्री परेशान हो गई। भारत को अपनी गलती का एहसास हो गया है। अगर 10 दिन हमने एयरस्पेस बंद रखा तो भारत की एयरलाइंस दिवालिया हो जाएंगीं। पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक भी था। 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इसके बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने जल संधि स्थगित करने सहित 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के खत्म होने को एक्ट ऑफ वॉर बताया है। पाकिस्तानी सरकार ने कहा- अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। 1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच ये समझौता हुआ था। समझौते में सिंधु बेसिन से बहने वाली 6 नदियों को पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में बांटा गया था। पूर्वी हिस्से की नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के पानी पर भारत का पूरा अधिकार है। पश्चिमी हिस्से की नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का 20% पानी भारत रोक सकता है। पहलगाम हमले को लेकर भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता खत्म करने के बाद पाकिस्तानी मंत्री और अधिकारी लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। पढ़िए बीते एक हफ्ते में पाकिस्तान की तरफ से दिए गए कुछ विवादित बयान... मुनीर शनिवार को टू-नेशन थ्योरी पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।

# ट्रम्प बोले- जनता मुझे तीसरी बार राष्ट्रपति बनाने को बेताब

## टैरिफ से 170 लाख करोड़ की कमाई होगी, 2 करोड़ अवैध प्रवासियों को खदेड़ूंगा

एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन 30 अप्रैल को पूरे होंगे। इससे पहले उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा- मैं बहुत ही शानदार काम कर रहा हूं। अमेरिका की जनता मुझे फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की मांग कर रही है। लोग मुझे तीसरी बार भी अमेरिका का राष्ट्रपति बनाने को बेताब हैं। ट्रम्प ने बताया कि राष्ट्रपति के रूप में मेरे 100 दिन अमेरिकी इतिहास में सबसे महान दिन रहे। हमने कई कानून बदले। टैरिफ से होने वाले नुकसान को रोका। छंटनी की। टैरिफ से एक साल में 170 लाख करोड़ रुपए की कमाई होगी। इससे



मध्यवर्ग को राहत होगी। अमेरिका में 2 बार राष्ट्रपति बनने का नियम ट्रम्प का कार्यकाल 2029 में पूरा होगा। अमेरिका में दो बार राष्ट्रपति बनने का प्रावधान है।

ट्रम्प नवंबर में दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। इससे पहले वह 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। अगर ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की कोशिश करते हैं तो इसके लिए उन्हें संविधान में संशोधन करना होगा। इसके लिए अमेरिकी संसद और राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी। तीसरी बार राष्ट्रपति बनाने के लिए 2 महीने पहले बिल पेश हुआ था ट्रम्प ने सबसे पहले नवंबर में चुनाव जीतने के बाद तीसरी बार राष्ट्रपति बनने को लेकर इच्छा जताई थी। तब उन्होंने कहा था- मुझे नहीं लगता कि मैं फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ूंगा, लेकिन आप अगर ऐसा चाहें हैं तो मैं ऐसा सोच सकता हूं।

इसके बाद जनवरी में ट्रम्प को तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की अनुमति देने के लिए संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया गया था। यह बिल ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के सांसद एंडी ओगल्स ने पेश किया था। इस बिल में कहा गया है कि कोई भी इंसान जो लगातार दो बार राष्ट्रपति रह चुका है, वो तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित नहीं होगा। चूंकि ट्रम्प 2020 में जो बाइडेन से चुनाव हार गए थे, ऐसे में वो तीसरी बार भी राष्ट्रपति चुने जाने के लिए योग्य होंगे।

# रूस बोला- कुर्स्क पूरी तरह हमारे कब्जे में

## 76 हजार यूक्रेनी सैनिकों के मरने-घायल होने का दावा किया; यूक्रेन बोला- कुर्स्क में लड़ाई जारी

एजेंसी

मॉस्को, रूस की सेना का कहना है कि उसने देश के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र पर पूरा नियंत्रण वापस पा लिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सभी कोशिशें पूरी तरह असफल हो गई हैं। रूस के शीर्ष सैन्य कमांडर वालेरी गेरासिमोव ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के कब्जे में बचा आखिरी गांव भी अब फिर से हासिल कर लिया गया है। यह आठ महीने पहले यूक्रेन के अचानक हमले के बाद हुआ है। गेरासिमोव ने यह भी दावा किया कि कुर्स्क क्षेत्र में 76,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। यूक्रेन ने इस दावे को खारिज कर दिया है। यूक्रेन का कहना है कि उसके सैनिक अब भी रूसी सीमा क्षेत्र में ऑपरेशन कर रहे हैं, और उसने मॉस्को के दावों को प्रोपेगैंडा बताया है। बीते कुछ महीनों में यूक्रेनी सेना को कुर्स्क क्षेत्र में भारी दबाव का सामना करना पड़ा है। यहां 70 हजार रूसी सैनिक और भारी ड्रोन हमलों की वजह से यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा है। रूस इस क्षेत्र को फिर से हासिल करने के लिए बड़ा अभियान चला रहा है। अमेरिका स्थित थिंक-टैंक इंस्टिट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) ने 25 अप्रैल की रिपोर्ट में कहा- रूसी बलों ने हाल ही में कुर्स्क ओब्लास्ट (क्षेत्र) में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बढ़त बनाई है, ताकि यूक्रेनी सैनिकों को उनके आखिरी बचे इलाकों से बाहर निकाला



जा सके। आईएसडब्ल्यू ने यह भी बताया कि 25 अप्रैल को रूस के उत्तर-पश्चिमी बेलगोरोड क्षेत्र में भी लड़ाई जारी रही। शनिवार को पुतिन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान रूसी कमांडर वलेरी गेरासिमोव ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र के आखिरी गांव गोर्नल को यूक्रेनी सेना से मुक्त करा लिया गया है। गेरासिमोव ने रूसी जवाबी हमले के दौरान उत्तर कोरियाई सैनिकों की हिम्मत की भी तारीफ की। पहली बार है जब रूस ने सेना में उत्तर कोरियाई सैनिकों के शामिल होने को स्वीकार किया है। इसके जवाब में पुतिन ने गेरासिमोव से कहा कि यूक्रेन की कोशिशें पूरी तरह से विफल हो गया है। पुतिन ने दावा किया कि इससे रूस को अन्य मोर्चों पर आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। रूस की सेना का कहना है कि उसके सैनिक अब यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी सूमी की कई बस्तियों को भी कंट्रोल में ले चुके हैं, जो कुर्स्क के पास स्थित है। वहीं, यूक्रेनी सेना के जनरल स्टाफ ने टेलीग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युद्ध का मैदान कठिन बना हुआ है। लेकिन उन्होंने यह भी जोर दिया कि उनके सैनिक अब भी कुर्स्क में अपनी स्थिति बनाए हुए हैं और बेलगोरोड क्षेत्र में आक्रमण जारी रखे हुए हैं। यूक्रेन ने पिछले अगस्त में यह घुसपैठ शुरू की थी ताकि दोनों देशों के बीच एक बफर जोन बनाया जा सके, जिससे रूस को यूक्रेन के पूर्वी मोर्चे पर सैनिक तैनात करने से रोका जा सके। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को वेटिकन में आमने-सामने बैठकर युद्धविराम पर चर्चा की। इसके बाद ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यह आरोप लगाया कि वह युद्ध रोकना नहीं चाहते। इधर, व्हाइट हाउस ने पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार से पहले ट्रम्प और जेलेंस्की की मुलाकात को बहुत उपयोगी बताया। जेलेंस्की ने भी एक्स पर कहा कि यह बैठक अच्छी रही और अगर सही परिणाम हासिल होते हैं तो ऐतिहासिक बन सकती है। व्हाइट हाउस में फरवरी में जेलेंस्की और ट्रम्प की बहस के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात थी।

# कनाडा के वैंकूवर में एसयूवी ने भीड़ को रौंदा

## 9 की मौत, सड़क पर लापू-लापू फेस्टिवल मना रहे थे; एशियाई युवक हिरासत में

एजेंसी

ओटावा, कनाडा के वैंकूवर में एक कार ने भीड़ को कुचल दिया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। वैंकूवर पुलिस ने एक्स में पोस्ट कर बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 8:00 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) फिलीपींस



कम्युनिटी के त्योहार लापू-लापू के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात ए-43 एवेन्यू और फ्रेजर पर एक स्ट्रीट फेस्टिवल में भीड़ में एक कार घुसने से कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। वह एशियाई मूल का बताया जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि वे इस घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं मारे गए और घायल हुए लोगों के प्रियजनों, फिलिपिनो-कनाडाई समुदाय और वैंकूवर के सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख में हम सभी आपके साथ हैं। हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं और हमारे फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के आभारी हैं।' वैंकूवर के मेयर केन सिम ने कहा, 'आज के लापू लापू दिवस कार्यक्रम में हुई भयावह घटना से मैं स्तब्ध और अत्यंत दुखी हूं। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों और इस बेहद कठिन समय में वैंकूवर के फिलिपिनो समुदाय के साथ हैं।'

# पहलगाम हमलाः शशि थरूर बोले- पाकिस्तान के खिलाफ स्पष्ट सैन्य कार्रवाई जरूरी, देश को इसकी उम्मीद



**मीडिया से बात करते हुए केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा कि लंबे समय से आतंकियों को प्रोत्साहित किया जाता है, प्रशिक्षित किया जाता है, हथियार दिए जाते हैं और अक्सर सीमा पार से निर्देशित किया जाता है.**

एजेंसी

पहलगाम हमलाः शशि थरूर बोले- पाकिस्तान के खिलाफ स्पष्ट सैन्य कार्रवाई जरूरी, देश को इसकी उम्मीद तिरुवनंतपुरमः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने पहलगाम आतंकी हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की वकालत की. उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकियों को प्रशिक्षण और हथियार देने का आरोप लगाया और कहा कि पहलगाम हमला एक लंबे आतंकी पैटर्न का हिस्सा है, जिसे हम लगभग 25 वर्षों से देख रहे हैं. फिर पाकिस्तान किसी भी जिम्मेदारी से इनकार करता है. आखिरकार आतंकी हमलों में पाकिस्तान की भूमिका साबित हो जाती है.शशि थरूर ने आगे कहा, ₹यह स्पष्ट है कि हमारे पास कई विकल्प हैं, लेकिन कुछ स्पष्ट सैन्य कार्रवाई जरूरी है. देश इसकी मांग कर रहा है और इसकी उम्मीद कर रहा है. मुझे विश्वास है कि कुछ प्रतिक्रिया होगी.हत्यारा कैसे कर सकता है हत्या की जांचपाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पहलगाम आतंकी हमले की जांच में सहयोग करने वाले बयान पर थरूर ने कहा, ₹व्यक्तिगत रूप से, मुझे किसी भी जांच में पाकिस्तान की भागीदारी में कोई दिलचस्पी नहीं है. आप किसी हत्यारे से उसके द्वारा की गई हत्याओं की जांच करने के लिए नहीं कहते.पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार के फैसलों पर उन्होंने कहा, ₹लोगों को वापस जाने के लिए मजबूर होना दुखद है. मरीजों को अपने इलाज के बीच में ही वापस जाना पड़ेगा. सीमा पार पति-पत्नी हैं. ऐसे जटिल मामले हैं जहां माता-पिता के पास एक देश का पासपोर्ट है जबकि बच्चे के पास दूसरे देश का पासपोर्ट है. मुझे उनके लिए दुख होता है. लेकिन जब सरकार यह सख्त संकेत देना चाहती है कि सामान्य संबंध अब संभव नहीं हैं, तो आम इंसान अनिवार्य रूप से पीड़ित बन जाते हैं.

# मध्य प्रदेश में भीषण सड़क हादसा, टक्कर के बाद कुएं में गिरी कार, 10 लोगों की मौत

## मंदसौर में बाइक और कार में जोरदार भिड़ंत, कार सवार सभी वाहन सहित कुएं में गिरे

**कार सवार सभी जा रहे थे मंदिर**

**जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग रतलाम जिले के ताल से मंदसौर जिले के ग्राम आंतरि माताजी के माता मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे. इसी दौरान खाचरिया चौपाटी पर यह सड़क हादसा हो गया.**

एजेंसी

मंदसौरः मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम काचरिया में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया. दरअसल, बाइक से कार की टक्कर के बाद अनियंत्रित कार कुएं में जा गिरी. जिससे कार सवार 8 लोग और बाइक सवार 1 व्यक्ति की मौत की मौत की पुष्टी की गई है. वहीं, कुएं में बचाने गए एक स्थानीय निवासी की भी मौत हो गई. इस घटना में



अब तक कुल 10 लोगों की मौत बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.इस घटना के तत्काल बाद मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी और एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस बल के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया.मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि मृतकों के परिजनों से भी संपर्क हो गया है और उन्हें भी घटना की जानकारी दे दी गई है. मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाए जा रहे हैं.₹ वहीं, इस घटना में घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल रवाना किया गया. जहां उनका इलाज जारी है. जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा ने बताया कि कुछ घायलों का इलाज चल रहा है. बता दें कि घटना के दौरान 6 लोगो की मौत की पुष्टी की गई थी. बाद में उपचार को दौरान गंभीर रूप से घायलों की मौत के बाद 10 लोगों की मौत की पुष्टी की गई है. जिसमें मृतकों के नाम इस प्रकार है ।

# चार हिस्सों में बंट जाएगा पाकिस्तान, पीएम मोदी ने कर ली है तैयारी, बोले सांसद निशिकांत दुबे

**बीजेपी सांसद ने देवघर में कहा कि पीएम मोदी ऐसी तैयारी कर रहे है कि पाकिस्तान चार हिस्सों में बंट जाएगा.**



एजेंसी

देवघरः 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने पाकिस्तान पर बड़ा बयान दिया है. भारत में हमले को लेकर पूरे देश में विरोध देखने को मिल रहा है. सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. पहलगाम में हुए हमले को लेकर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने फिर से बड़ा बयान दिया है. देवघर में महेश्मरा हॉल्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि 2025 के आखिरी महीने तक पूरी दुनिया से पाकिस्तान देश का नामो निशान मिट जाएगा.भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दहशतगर्दों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे. उन्होंने बताया कि पाकिस्तान को भारत सरकार चार हिस्सों में बांटेगी. पहला बलूचिस्तान, दूसरा पख्तूनिस्तान तीसरा हिस्सा पंजाब होगा और चौथा हिस्सा वह है जो पाक अधिकृत कश्मीर के रूप में देखा जा रहा है. उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर हमारा हिस्सा था, जिसे पाकिस्तान ने बेइमान नियत से अपने कब्जे में लिया है.भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बीजेपी सांसद ने आगे बताया कि आतंकवाद के मुद्दे पर मोदी सरकार कहीं भी पीछे नहीं हटेगी.


# पहलगाम हमले पर राजनीतिक दलों को विशेष सत्र बुलाने के लिए सरकार से आग्रह करना चाहिए: सिब्बल

## मैं सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करता हूं कि वे सरकार से मई में जल्द से जल्द ऐसा सत्र बुलाने का आग्रह करें

**पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक के दौरान सरकार ने कहा था कि वह सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय कर रही है। इसने नेताओं को आतंकवाद तथा इसके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था।**

एजेंसी

राज्यसभा में निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर मई में जल्द से जल्द संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए सरकार से आग्रह करें। सिब्बल ने कहा, मैंने 25 अप्रैल को सुझाव दिया था कि दुख की इस घड़ी में देश की एकता प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए ।उन्होंने कहा, मैं सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करता हूं कि वे सरकार से मई में जल्द से जल्द ऐसा सत्र बुलाने का आग्रह करें। सिब्बल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया था ताकि दुनिया को यह संदेश दिया जा सके कि देश एकजुट है ।सिब्बल ने सरकार को सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न महत्वपूर्ण देशों में भेजने का सुझाव भी दिया था ताकि पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके ।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह अमेरिका प्रतिबंध जैसे कदम उठाता है उसी तरह भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापार संबंध रखने वाले सभी प्रमुख देशों से कहना चाहिए कि अगर वे इस्लामाबाद के साथ व्यापार करते हैं तो वे भारतीय बाजार में नहीं आ सकते ।पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने आतंकवाद और आतंकवादियों के शिविरों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया था और सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया था ।पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक के दौरान सरकार ने कहा था कि वह सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय कर रही है। इसने नेताओं को आतंकवाद तथा इसके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

## संक्षेप

### पहलगाम हमले पर पीएम मोदी का संदेश

**मन की बात में कहा–पीड़ितों को न्याय मिलेगा, सुलतानपुर में 1722 बूथों पर कार्यक्रम सुना गया**

सुलतानपुर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 121वें एपिसोड में पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस हमले से मन में गहरी पीड़ा है और पूरा देश दुखी है। पीएम ने पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। सुलतानपुर में भाजपा कार्यकताओं ने 1722 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष ने लाखीपुर के बूथ संख्या 301 पर कार्यक्रम का प्रसारण देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी और अन्य कार्यकताओं ने शास्त्रीनगर के बूथ संख्या 286 पर कार्यक्रम सुना। जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बूथ संख्या 292 पर, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार ने बूथ 254 रामलीला मैदान पर और जिला मंत्री राजेश सिंह ने बूथ 305 कुंदाभैरोपुर पर कार्यक्रम का प्रसारण देखा। कार्यक्रम में जिला एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, सीताराम वर्मा, राजेश गौतम समेत अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने भी विभिन्न बूथों पर मन की बात सुनी।

### मजदूर पर गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**क्राइम ब्रांच व कुड़वार पुलिस ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा, 8 मुकदमे हैं दर्ज**

सुलतानपुर, पुलिस ने मजदूर पर गोली चलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कादीपुर थाना क्षेत्र के हिगुल गौरा गांव निवासी मित्रसेन मौर्या पुत्र राम मिलन के रूप में हुई है। कुड़वार थाना क्षेत्र के उत्मानपुर गांव में हुई थी। श्यामसुंदर सिंह उर्फ लहूरी सिंह के भट्ठे पर एक मजदूर पर गोली चलाई गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 27 अप्रैल को कुड़वार थाना पुलिस ने स्वाट टीम और सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक देशी तमंचा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ भट्ठा मजदूर पर गोली चलाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बरामद अवैध हथियार के लिए आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मित्रसेन मौर्या के खिलाफ कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं।

### कुएं में मिला अधेड़ का शव

सुलतानपुर, गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति का शव कुएं में मिला है। मृतक की पहचान नटौली गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा (55) के रूप में हुई है। वे बाइक से बाजार गए थे और लौटकर नहीं आए। परिवार ने जब तलाश की तो बेटे विजय वर्मा को सुदनापुर क्षेत्र में पिता की बाइक मिली। लेकिन राजेंद्र का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# अखिलेश ने पूछा-शिक्षा निदेशालय में आग लगी या लगाई

**प्रयागराज में स्कूल, भर्ती से जुड़ीं 5 हजार फाइलें राख, जांच के लिए हाईलेवल कमेटी गठित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, शिक्षा निदेशालय में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग से दो कमरों में रखी एडेड स्कूलों की 5 हजार फाइलें जलकर राख हो गईं। मौके पर फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां पहुंचीं। फायर फाइटर्स को आग बुझाने के दौरान करंट के झटके लगे। इससे वहां चीख-पुकार मच गई। फायर फाइटर्स ने बताया- इन्वर्टर ऑन था। फाइलें होने के चलते आग बहुत तेजी से फैली। बुझाने में 4 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। आग निदेशालय के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर- 14 और 15 में लगी। सूत्रों ने बताया कि जिन दो कमरों में आग लगी, उनमें प्रदेश के 9 मंडल के एडेड स्कूलों के रजिस्ट्रेशन, टीचर भर्ती, भर्ती में फर्जीवाड़ा, जांच, ट्रांसफर, वित्तीय लेनदेन से जुड़ी फाइलें भी रखी थीं। आग कैसे लगी? यह अभी स्पष्ट नहीं है। घटना सुबह 8 बजे की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घटना पर सवाल उठाए। कहा- आग लगी है या लगाई गई है, ये तकनीकी कारणों से घटित हादसा है या वजह कुछ और है। शंका समाधान के लिए हाईलेवल जांच हो। 5 हजार फाइलें जल गईं। करप्शन, धांधली की वजह से आग लगी। इधर, अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र तिवारी ने घटना के सभी पहलुओं पर जांच के लिए हाईलेवल समिति गठन किया है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर को लेटर भी लिखा है। कहा है- मामले में जांचकर कार्रवाई की जाए। गार्ड कमलेश यादव ने कहा- नाइट ड्यूटी पूरी कर मैं यहां से सुबह 7.15 बजे निकला। रात में जल रही सभी लाइट बुझाई। तब न तो धुआं उठ रहा था, नहीं ही कुछ जलने की बदबू आ रही थी। मैं घर पहुंच गया, फिर करीब 8.15 बजे दूसरे गार्ड ने आग की सूचना दी। इसके बाद मैं भी मौके पर आ गया। कर्मचारी नेता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया- संडे की वजह से सूचना कुछ देरी से मिली। मौके पर आया तो फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंची थीं। यहां पर यूपी के सहायता प्राप्त राजकीय माध्यमिक विद्यालय की फाइलें और पुरानी पत्रावलियां जल गई हैं। डिग्री से जुड़ी फाइलें भी जली हैं। शिक्षकों की नियुक्ति से जुड़ी पत्रावली भी थीं। कमरे में जली फाइलों में फर्जी शिक्षक भर्ती से जुड़ी फाइलें भी थीं। आजमगढ़ के नाहरपुर स्थित एक इंटर कॉलेज में सितंबर 2024 में फर्जी डॉक्यूमेंट पर टीचर की नियुक्ति की शिकायत की गई थी। आरोप था कि फर्जी डॉक्यूमेंट के तहत टीचर ने नौकरी हासिल की।

# डॉ अंबेडकर की मूर्ति से छेड़छाड़

**मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने मूर्ति पर फेंका तरल पदार्थ, बीएसपी कार्यकताओं का प्रदर्शन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट चौराहे पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना सामने आई। एक युवक ने मूर्ति को नुकीली वस्तु से खुरचा और चेहरे पर तरल पदार्थ फेंका। चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई।। घटना की सूचना मिलते ही बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा के नीचे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कार्यकताओं ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। बीएसपी नेताओं ने चेतावनी दी है कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा

# नवविवाहिता की हत्या



- दहेज में बाइक नहीं मिली, पति-सास-ससुर गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के खानपुर चपरा गांव में दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका रितु की शादी इसी साल जनवरी में गांव के ही अभिषेक कुमार से हुई थी। शादी के बाद से अभिषेक लगातार रितु के परिजनों से अपाचे बाइक की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने रितु को फांसी के फंदे पर लटका दिया। घटना की रिपोर्ट मृतका के पिता सतनाम ने दर्ज कराई। पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। आरोपी पति अभिषेक कुमार, ससुर राजेंद्र कुमार पासी और सास शिवलली को इन्हौना कोची के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। मोहनगंज एसएचओ राकेश सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली का विरोध

**सुलतानपुर में नगर पालिका पर आरोप, इसौली विधायक ताहिर खान को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, ई-रिक्शा चालकों ने नगर पालिका परिषद की अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाई है। चालकों का कहना है कि 1 अप्रैल 2025 से नगर पालिका परिषद ने बिना किसी आधिकारिक अधिसूचना के ठहराव शुल्क के नाम पर वसूली शुरू कर दी है। ई-रिक्शा चालकों ने इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वे पहले से ही आरटीओ में टैक्स जमा कर रहे हैं। नगर पालिका की इस अतिरिक्त वसूली से उनका जीवन यापन मुश्किल हो गया है। चालकों ने मांग की है कि जब तक नगर में उचित स्टैंड और पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक यह वसूली रोकी जाए। विधायक ताहिर खान ने ई-रिक्शा चालकों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा चालक अपने परिवार का पालन-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दवाई का खर्च इसी कमाई से चलाते हैं। मानवीय आधार पर उनकी मदद की जाएगी। ज्ञापन की एक प्रति नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को भी भेजी गई है।

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पर हमला

- 10-12 बदमाशों ने लाठी-डंडों से किया वार, एम्स रायबरेली में भर्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, शिवरतनगंज क्षेत्र में भाजपा सिंहपुर मंडल उपाध्यक्ष बिपिन सिंह पर शनिवार रात हमला हुआ। माठा गांव के रहने वाले बिपिन सिंह एक निमंत्रण समारोह से लौट रहे थे। सिंदुरिया गांव के मोड़ पर पहले से घात लगाए बैठे 10-12 बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से वार किया। इस हमले में बिपिन सिंह को गंभीर चोटें आईं। उनके साथ मौजूद सिक्की सिंह को मामूली चोटें आईं। तीसरे साथी दिलीप सिंह भागने में सफल रहे। हमले के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। अभी तक नहीं दी गई शिकायत ग्रामीणों और परिजनों ने घायल बिपिन सिंह को पहले सीएचसी सिंहपुर पहुंचाया। डॉक्टर सुनील चौधरी ने उनकी हालत देखते हुए एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। वर्तमान में एम्स में उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय के



अनुसार अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# बरात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर झगड़ा

**अमेठी में युवक के पेट में चाकू से वार, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र के दयालापुर गांव में एक बरात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में 20 वर्षीय युवक घायल हो गया। लोहरता माली का पुरवा गांव निवासी रोशन यादव दयालापुर गांव में बरात में लाइट और डीजे का काम कर रहा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों से गाना बजाने को लेकर उसका विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने रोशन के पेट में धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में जनरेटर में डीजल भर रहे शुभम को भी सिर पर चोट आई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। रोशन को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। उसकी स्थिति को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। वहां उसका इलाज जारी है। गौरीगंज के इंस्पेक्टर श्याम नारायण पांडेय के अनुसार मामले की जांच चल रही है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एएमयू में चली गोली, बाल-बाल बचा छात्र

**स्कूटी और कार टकराने पर हुआ था विवाद, यूनिवर्सिटी के बाहर का है आरोपी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय में शनिवार देर शाम को फिर गोली चल गई। स्कूटी और कार टकराने के विवाद में आरोपी ने एएमयू छात्र की ओर रुख करके हवाई फायर किया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने पर कैंपस के अंदर अफरा-तफरी मच गई और छात्रों ने इसकी सूचना प्रॉक्टर को दी। गोली चलने की सूचना पर यूनिवर्सिटी की प्रॉक्टोरियल टीम तत्काल मौके पर पहुंची। यूनिवर्सिटी की ओर से सिविल लाइंस पुलिस को भी सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की मौलाना आजाद लाइब्रेरी के सामने शनिवार को एलएलबी का छात्र वरुण अपनी स्कूटी से जा रहा था। तभी उसकी स्कूटी बाहरी व्यक्ति मयंक ठाकुर की स्कॉर्पियो कार से टकरा गई। जिसके बाद दोनों के बीच में विवाद हो गया था। आरोप है कि बाहरी व्यक्ति मयंक ने एलएलबी छात्र के ऊपर हवाई फायरिंग कर दी, जिसमें वह बाल-बाल बचा है। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। एएमयू के प्रॉक्टर प्रो. वसीम अली और उनकी टीम मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। घटना के बाद एएमयू टीम ने सीसीटीवी खंगालने शुरू किए, जिसमें आरोपी कैंपस के अंदर से जाता हुआ नजर आ गया। छात्र ने भी आरोपी को पहचान लिया, जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। एएमयू प्रॉक्टर प्रो. वसीम अली ने बताया कि गोली चलाने वाले युवक की पहचान हो गई है।

जिस युवक पर गोली चलाई गई है, वह यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र है। कैंपस के अंदर बाहरी लोगों की रोक के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। बाकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं सिविल लाइंस थाना प्रभारी राजीव परमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीजे बजाने को लेकर मैरिज होम में विवाद

**मथुरा में बराती और घराती भिड़े, 12 से ज्यादा लोग घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना जमुनापार क्षेत्र स्थित लक्ष्मीनगर के श्री मान मैरिज होम में एक शादी समारोह के दौरान डीजे को लेकर विवाद हो गया। रोशन विहार निवासी सुभाष की बेटी की शादी भरतपुर के रारह गांव निवासी बाबू लाल के बेटे से थी। बारात शाम 7 बजे मैरिज होम पहुंची। जलपान के बाद बारात डीजे और बैंड-बाजे के साथ मैरिज होम में आई। डीजे बजाने का निर्धारित समय समाप्त होने के बाद लड़की पक्ष ने डीजे बजाने की मांग की। डीजे संचालक ने दूसरी जगह जाने का हवाला देते हुए मना कर दिया। लड़की पक्ष की जिद के कारण मामला बढ़ गया। दोनों पक्षों में पहले हाथापाई हुई और फिर पथराव शुरू हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हुए। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को हिरासत में लिया। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। पंचायत में तय हुआ कि पहले शादी की रस्में पूरी की जाएं। इसके बाद वर-वधू को विदा कर दिया गया और दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# मजदूर की बेटी ने किया जिले में टॉप

**विधायक ने दी साइकिल और 5 हजार रुपए की मदद, आगे की पढ़ाई का भी भरोसा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, हाईस्कूल की परीक्षा में मंगलेश प्रजापति ने जिले में टॉप किया है। सपा विधायक महाराजी प्रजापति ने छात्रा को साइकिल और पांच हजार रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंगलेश एक मजदूर की बेटी है। उसके पिता मानसिक रूप से कमजोर हैं। उसके दादा ने चाक चलाकर पोती की स्कूल फीस भरी है। विषम परिस्थितियों के बावजूद मंगलेश ने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। विधायक ने छात्रा के घर जाकर उसे प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया। इस दौरान छात्रा के माता-पिता को अंगवस्त्र भी भेंट किया गया। मेहनत और लगन से मिलेगा हर मुकाम विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति ने बताया कि मंगलेश की आगे की पढ़ाई में भी हर संभव मदद की जाएगी।

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया नवाब, नाबालिग को परेशान करने का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पुलिस ने छेड़खानी के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवाब (22) को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 से पकड़ा गया। काशीराम कालोनी अमहट निवासी नवाब पर एक नाबालिग लड़की को परेशान करने का आरोप है। पीड़िता की मां महसर जहां ने 25 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी उनकी बेटी को रोजाना छेड़ता था। वह जबरन उसका हाथ पकड़ता और साथ चलने की जिद करता था। जब पीड़िता के परिवार ने इसकी शिकायत की, तो आरोपी ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74, 115(2), 352 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी गंभीर है। उस पर पहले से आयुध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। उप-निरीक्षक संतोष पाल सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अभिषेक मिश्रा और दिलीप मौर्या की टीम ने यह कार्रवाई की।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी